# <u>कार्यवाही विवरण</u>

M/s Clean Coal Enterprises Private Limited, Village-Gatora, Tehsil-Masturi, District-Bilaspur (C.G.) expansion of Wet Type Coal Washery Project based on Heavy Media Cyclone from- 2.5 MTPA to 5.0 MTPA के पर्यावरणीय स्वीकृति बाबत् दिनांक 06/03/2024 को प्रातः 11:00 बजे स्थल–शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला प्रांगण, ग्राम–कर्रा, तहसील–मस्तूरी, जिला–बिलासपुर (छ.ग.) में आयोजित लोक सुनवाई का कार्यवाही विवरण :–

भारत शासन, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली की, ई.आई.ए. नोटिफिकेशन 14.09.2006 (यथा संशोधित) के तहत् सर्वसंबंधित को सूचित किया जाता है कि M/s Clean Coal Enterprises Private Limited, Village-Gatora, Tehsil-Masturi, District-Bilaspur (C.G.) expansion of Wet Type Coal Washery Project based on Heavy Media Cyclone from- 2.5 MTPA to 5.0 MTPA के पर्यावरणीय स्वीकृति के संबंध में लोक सुनवाई हेतु उद्योग के आवेदन के परिप्रेक्ष्य में स्थानीय समाचार पत्र दैनिक भास्कर, बिलासपुर में दिनांक 03/02/2024 तथा राष्ट्रीय समाचार पत्र द टाईम्स ऑफ इंडिया, नई दिल्ली के मुख्य संस्करण में दिनांक 03/02/2024 को लोक सुनवाई संबंधी सूचना प्रकाशित करवाई गई थी। तद्नुसार लोक सुनवाई दिनांक 06/03/2024 को प्रातः 11:00 बजे स्थल–शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला प्रांगण, ग्राम–कर्रा, तहसील–मस्तूरी, जिला–बिलासपुर (छ.ग.) में आयोजित की गई। ई.आई.ए. अधिसूचना 14/09/2006 (यथा संशोधित) के प्रावधानों के अनुसार ड्राफ्ट ई.आई.ए. रिपोर्ट, कार्यपालक सार की प्रति (हिन्दी व अंग्रेजी) एवं इसकी सी.डी. (साफ्ट कापी) जन सामान्य के अवलोकन/पठन हेतु कार्यालय कलेक्टर बिलासपुर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, कार्यालय, जिला पंचायत बिलासपुर, अनुविभागीय अधिकारी (रा.), कार्यालय, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) मस्तूरी, जिला–बिलासपुर, कार्यालय महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र बिलासपुर, जिला–बिलासपुर, क्षेत्रीय कार्यालय, क्षेत्रीय अधिकारी, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, व्यापार विहार पं. दीनदयाल उपाध्याय पार्क के पास, बिलासपुर, सरपंच/सचिव कार्यालय ग्राम पंचायत–गतौरा, कर्रा, फरहदा, खैरा, लिमतरा, भेलाई, रलिया, रॉक, देवरी, पंधी, किसान–परसदा, हरदाडीह, तहसील–मस्तूरी, जिला–बिलासपुर (छ.ग.), डायरेक्टर, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन, मंत्रालय, भारत सरकार, इंदिरा पर्यावरण भवन, वायु विंग, जोरबाग रोड़ नई दिल्ली, मुख्य वन संरक्षक, एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, अरण्य भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर–19, नवा रायपुर अटल नगर, रायपुर (छ.ग.) एवं मुख्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण

संरक्षण मंडल, पर्यावास भवन, नॉर्थ ब्लॉक, सेक्टर – 19, नवा रायपुर अटल नगर, रायपुर (छ.ग.) में रखी गई है। परियोजना के संबंध में सुझाव, विचार, टीका–टिप्पणियां एवं आपत्तियां सूचना प्रकाशन जारी होने के दिनांक से 15 दिन के अंदर क्षेत्रीय कार्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, बिलासपुर में मौखिक अथवा लिखित रूप से कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करने हेतु आमंत्रित किया गया। इस दौरान लोक सुनवाई के संबंध में सुझाव, विचार, टीका–टिप्पणियां/आपत्तियों के संबंध में इस कार्यालय को कोई भी आवेदन पत्र प्राप्त नहीं हुआ हैं।

लोक सुनवाई हेतु निर्धारित तिथि 06/03/2024 को प्रातः 11:00 बजे स्थल–शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला प्रांगण, ग्राम–कर्रा, तहसील–मस्तूरी, जिला–बिलासपुर (छ.ग.) में आयोजित की गई। लोक सुनवाई की कार्यवाही आरंभ की गई।

सर्वप्रथम श्री आर. एस. कुरूवंशी अतिरिक्त कलेक्टर, कार्यालय कलेक्टर, जिला–बिलासपुर द्वारा लोक सुनवाई की कार्यवाही आरंभ करने की अनुमति के साथ श्रीमती रश्मि श्रीवास्तव, क्षेत्रीय अधिकारी, क्षेत्रीय कार्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, बिलासपुर द्वारा भारत शासन, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा जारी ई.आई.ए. नोटिफिकेशन 14.09.2006 (यथा संशोधित) के परिपेक्ष्य में लोक सुनवाई के महत्व एवं प्रक्रिया के संबंध में विस्तृत जानकारी जनसामान्य को दी गई।

तत्पश्चात् परियोजना प्रस्तावक की ओर से उद्योग प्रतिनिधि श्री सुलेमान खान, एवं श्री वी. भरत के द्वारा M/s Clean Coal Enterprises Private Limited, Village-Gatora, Tehsil-Masturi, District-Bilaspur (C.G.) expansion of Wet Type Coal Washery Project based on Heavy Media Cyclone from- 2.5 MTPA to 5.0 MTPA परियोजना के संबंध में संक्षिप्त जानकारी क्षमता विस्तार परियोजना के संबंध में से जनसामान्य को अवगत कराया गया।

अतिरिक्त कलेक्टर, कार्यालय कलेक्टर, जिला–बिलासपुर द्वारा लोक सुनवाई स्थल पर उपस्थित जनसमुदाय को अपने विचार, सुझाव, आपत्ति, टीका–टिप्पणी मौखिक अथवा लिखित रूप में प्रस्तुत करने हेतु आमंत्रित किया गया।

तत्पश्चात् लोक सुनवाई स्थल पर उपस्थित जनसमुदायों ने मौखिक रूप से सुझाव, विचार, टीका–टिप्पणियां दर्ज कराया गया। जिसका विवरण निम्नानुसार है :–

1. श्री सुरेश कुमार राठौर, सरपंच–ग्राम पंचायत गतौरा :– आज से 10–12 साल पहले यहां वॉशरी का स्थापना हुआ था। तब से लेकर आज तक उस क्षेत्र के जितने भी प्रभावित व्यक्ति है उन सभी लोगों को रोजगार दिया गया है। नॉन टेक्नीकल क्षेत्र

में क्षेत्रीय प्रभावित लोगों को ही रोजगार दिया गया है। आज उनके बच्चे अच्छे से स्कूल में पढ़ रहे हैं। गांव के लिए सीएसआर का फंड होता है उसे हर साल देते आ रहे हैं। इसलिए मैं कोल वॉशरी, 5.0 होने वाला है, उसका समर्थन करता हूँ दिल से।

2. श्री तिरथ राम केंवट, ग्राम–गतौरा :– वॉशरी वाले भैया मन आये हे सब से निवेदन करत हव कि मिल–जुलकर करबो। एक दूसर से संबंध हवय ऐखर नाम से। वॉशरी वाले भैया मन ऐतना रोजगार दिलाये हे बहुत अच्छा बात हे, ऐखर बर मैं अभारी हवव। वॉशरी वाले भैया आप मन कोई भी कार्यक्रम हमर गांव मा रख देथा। अभी 02 दिन के अंदर मा ये रोड बनीस हे। कोई मतलब नहीं है सदा ध्यान में रखते हुए कोल वॉशरी वाले भैया से मोर आग्रह निवेदन है कि ध्यान में रखते हुए बढ़िया बनावत जाये।

3. श्री बंशीधर वर्मा, सरपंच :– अभी जो जन सुनवाई हो रहा है इससे हमारे गांव का, हमारे ग्राम पंचायत का, किसी पकार का कोई विरोध नहीं है। सभी पक्ष में हैं। जितने भी सीएसआर मद से काम होता है, कोल वॉशरी में, हर साल कुछ न कुछ मिलता है। गांव के लोगों को रोजगार मिलता है।

4. श्री देवसिंह पोर्ते, ग्राम–पंचायत गतौरा :– आज जो जन सुनवाई होवत हे ऐखर मैं पूर्ण समर्थन करत हव। जन सुनवाई रखे गये हे क्षेत्रीय लोग ला रोजगार मिलही।

5. श्री पुन्नीलाल यादव, ग्राम पंचायत कर्रा, पूर्व सरपंच :– कोल वॉशरी के विस्तार के प्रस्ताव रखे गये हे ओखर मैं पूरा समर्थन करथव।

6. श्री प्रवेश कुमार पटवा, ग्राम–खैरा :–कोल वॉशरी के विस्तार हेतु आज ये जन सुनवाई मा मैं अपन पूर्ण समर्थन करथव हव। आज से 10–15 साल पहले हमर यहां कोल वॉशरी नई रहिस। ओखर पहले हमन ला छोटे–छोटे काम से शहर जाये के पड़े। हमर गांव के क्षेत्र मा रोजगार व सीएसआर के मद से बहुत सारा काम मिलत हवय। ऐखर नाम से मैं जन सुनवाई के पूर्ण समर्थन करथव।

7. श्री विनोद पाण्डेय, ग्राम–गतौरा :– आज जन सुनवाई है कंपनी के विस्तार हेतु है, कंपनी का विस्तार होना है। जिससे सभी का भला होना है। किसी भी क्षेत्र का विकास तभी होता है जब वहां पे परियोजना या शासकीय प्रोजेक्ट वहां पे आकर काम करती है और इसी मद में आप सीएसआर के मद से पिछले 5–6 साल में इस क्षेत्र का कितना विकास हुआ है। यह विकास भी हमारे द्वारा आगे होता रहेगा, करते रहेंगे, इसका प्रबंध है। आगे भी रोजगार प्रदान करने का कार्य है वो नियमानुसार चलता रहेगा। पर्यावरण का विकास भी वृक्षारोपण के माध्यम से प्रभावित क्षेत्रों में निरंतर किया जाता रहेगा।

8. श्री अनिल कुमार तंबोली, ग्राम–गतौरा :– कंपनी के विस्तार के लिए पूर्ण रूप से समर्थन करता हूॅ। इससे हमारे यहां के बेरोजगार लोगों को रोजगार मिलेगा। कंपनी हमारे यहां पानी की व्यवस्था, स्कूल की व्यवस्था और चिकित्सा की व्यवस्था करते आ रही है। मैं उम्मीद करता हूॅ भविष्य में और व्यवस्थाये और भी बढ़ेगी और गांव का विकास होगा।

9. श्री श्याम लाल पटेल, ग्राम–कर्रा :–ये कोल वॉशरी के जो विस्तार के क्रार्यक्रम हे ओला हमर पूर्ण समर्थन है। काबर विस्तार होही तो बहुत आदमी मन ला काम मिलही। इसलिए कोल वॉशरी को धन्यवाद देथव।

10. श्री यतीश गोयल :–कोल वॉशरी के खुलने से रोजगार और विकास और बढ़ेगा। जल्दी खुले, लोगों को रोजगार मिलेगा।

11. श्री आशीष कुमार यादव, ग्राम पंचायत कर्रा :– कोल वॉशरी खुलने से हमें कोई आपत्ति नहीं है। मैं पूर्ण समर्थन करता हूँ।

12. श्री मनीराम श्रीवास, ग्राम–गतौरा :– छोटे उद्योग को विस्तार करने के लिए बड़े उद्योग को दिया जा रहा है। बहुत से लोगों को रोजगार मिलेगा। इसलिए हम पूर्ण समर्थन करते है कोल वॉशरी का।

13. श्री प्रहलाद कुमार राठौर, ग्राम–गतौरा : ये जो नया कोल वॉशरी खुलने वाला है उसका पूर्ण रूप से समर्थन करता हूॅ। क्योंकि इसके खुलने से बहुत से लोगों को नौकरी मिलेगा, उसका आर्थिक स्थिति मजबूत होगा। इसलिए इसका मैं पूर्ण रूप से समर्थन कर रहा हूॅ।

14. श्री आकाश कुमार, राठौर, ग्राम–गतौरा :– वॉशरी खुलने से हमारे सभी जनतो को पूर्ण रूप से रोजगार मिलेगा और मैं इसका समर्थन करता हूॅ।

15. श्री मुकेश कुमार राठौर, ग्राम–गतौरा :– कोल वॉशरी खुलने से हमको रोजगार मिलेगा। इसलिए हम समर्थन करते हैं।

16. श्रीमती सावित्री यादव :–कोल वॉशरी का समर्थन है। सब ला रोजीरोटी मिले।

17. श्री सीताराम केवट ग्राम–खैरा :–वॉशरी के बढे हुए क्षमता से आसपास के लोगों को रोजगार मिलेगा। इसके लिए मैं पूर्ण समर्थन करता हूॅ।

18. श्री चैत कुमार राठौर, ग्राम–गतौरा :– कोल वॉशरी का मैं समर्थन करता हूॅ।

19. श्री सनद कुमार राठौर, ग्राम–गतौरा :– कोल वॉशरी का समर्थन करता हूॅ।

20. श्री राजेन्द्र कुमार कौशिक, ग्राम–कर्रा :– कोल वॉशरी का समर्थन करता हूॅ।

21. श्री भोला सिंह राजपूत, ग्राम–कर्रा :– कोल वॉशरी के विस्तार के लिए उसका मैं समर्थन करता हूॅ।

22. श्री केवट :– कोल वॉशरी का समर्थन करता हूॅ।

23. ग्राम की एक महिला :– कोल वॉशरी के विस्तार के लिए मैं समर्थन करती हूॅ।

24. श्री धीरेन्द्र कुमार धीवर, ग्राम–गतौरा :–कोल वॉशरी का समर्थन करता हूँ।
25. श्री राजेश कुमार तम्बोली, ग्राम–गतौरा :– कोल वॉशरी खुलने का मैं समर्थन करता हूँ।
26. श्री अनिल राठौर :– कोल वॉशरी खुलने से समर्थन करता हूँ।
27. श्री जगे यादव, ग्राम– :– कोल वॉशरी का समर्थन करता हूँ।
28. श्री सुखलाल पटेल :– कोल वॉशरी खुलने से मेरा समर्थन है।
29. श्री संतोष कुमार निषाद, ग्राम–कर्रा :– बहुत खुशी की बात है, गांव के लोगों को रोजगार मिलत हे, सबला रोजगार मिलत हे, बहुत–बहुत धन्यवाद हे।
30. श्री अशोक कौशिक, ग्राम–कर्रा :– कोल वॉशरी खुलने से बहुत अच्छा है।
31. श्री देवसर यादव, ग्राम–कर्रा :– वॉशरी खुलने से कर्रा बहुत प्रभावित हुआ है। जगह–जगह स्कूल पानी का व्यवस्था किया है। मेरा सहयोग है वॉशरी खुलने में।
32. श्री विनोद कुमार राठौर, ग्राम–कर्रा :–कोल वॉशरी में विस्तार करने में प्रस्तावित है। उसका मैं पूर्ण रूप से समर्थन करता हूँ। प्रभावित क्षेत्र है इससे सभी के विकास के लिए कोल वॉशरी करता है। समर्थन करता हूँ।
33. श्रीमती महेश्वरी राठौर, ग्राम–कर्रा :–सर्मथन करती हूँ।
34. श्री सुमन साहू, ग्राम–खैरा :– मैं कोल वॉशरी का समर्थन करता हूँ।
35. श्री सच्चाचंद तम्बोली, ग्राम–गतौरा :– सबको नौकरी मिलना चाहिए।
36. श्रीमती रामबाई गतौरा :– हम सब गरीब है, कोल वॉशरी खुलना चाहिए।
37. श्रीमती प्रीतम्बर धीवर, गतौरा :– वॉशरी खुलने से मुझे कोई आपत्ति नहीं है।
38. श्रीमती सुखमती बाई चंद्राकर, ग्राम–गतौरा :– कंपनी खुले है हमन के लोग लईका बढिया पले।
39. श्री अनित तंबोली, ग्राम–गतौरा :– कंपनी के पक्ष में समर्थन करता हूँ।
40. श्री राजू राठौर, ग्राम–गतौरा :– कंपनी के पक्ष में समर्थन देता हूँ।
41. श्री गजांनद राठौर :– कंपनी के पक्ष में समर्थन करता हूँ।
42. श्री राजू यादव, ग्राम–गतौरा :– कंपनी खुलने से कोई मतलब नहीं है। काम हमारा बढिया चले। इसलिए मैं आवेदन देना चाहता हूँ।
43. श्री बेदूराम केवट, ग्राम–कर्रा :– मैं कंपनी का समर्थन करता हूँ।
44. श्री ननकू पटेल, ग्राम–गतौरा, कोल वॉशरी से कोई दिक्कत नहीं है। हमर काम चलत हे। हमन सब भाई–बहनी मन काम करत हे। सबके काम चलत हे।
45. श्री बिसून रजक, ग्राम–फरहदा :– कोल वॉशरी खुलने से हमर रोजी रोटी अच्छा चलत हे।
46. श्री दिनेश यादव, ग्राम–गतौरा :–समर्थन करता हूँ।
47. श्री लीलादास :– समर्थन करता हूँ।

48. श्री गणेश सिंह, ग्राम पंचायत कर्रा :– कोल वॉशरी खुलने का मैं भरपूर समर्थन करता हूँ यहां के लोगों को रोजगार मिल सके।

49. श्रीमती भारती, ग्राम–कर्रा :– कोल वॉशरी खुलने का मैं समर्थन करती हूँ।

50. श्रीमती पुरई, ग्राम–कर्रा :– समर्थन करती हूँ।

51. श्री दिलीप कुमार पटेल, ग्राम–कर्रा :– कोल वॉशरी खुलने से कोई आपत्ति नहीं हे। सब ला रोजगार मिलत हे। बढिया–बढिया रोजगार मिलय।

52. श्रीमती आशा, ग्राम–कर्रा :– कोल वॉशरी खुलना चाहिए।

53. श्रीमती लता :– कोल वॉशरी खुलना चाहिए।

54. श्रीमती सरस्वती, ग्राम–कर्रा :– कोल वॉशरी मे बढिया काम चलय।

55. श्रीमती बृहस्पति चंद्राकर, ग्राम–गतौरा :– काम चलना चाहिए।

56. श्रीमती सुखबाई, ग्राम–फरहदा :– काम मिलना चाहिए।

57. श्रीमती सरोजनी राठौर, ग्राम–गतौरा :– कोल वॉशरी से कोई आपति नहीं हैं। सहमत हूँ।

58. श्री सुख सागर चंद्राकर, ग्राम–गतौरा :– कोल वॉशरी मा काम करत रहेंव, वो काम अभी एक महीना से बंद हे। वो काम चालू होवय। मैं समर्थन करता हूँ कोल वॉशरी का।

59. श्रीमती केजरीबाई देवांगन, ग्राम–देहानपारा :– कोई आपत्ति नहीं हे, समर्थन।

60. श्री राजेन्द्र कुमार, ग्राम–गतौरा :– गतौरा में कोल वॉशरी खुलने का समर्थन देता हूँ।

61. श्री प्रभाकर राव, ग्राम–गतौरा :– सहमत हूँ।

62. श्री नीलकंठ, ग्राम–धनिया :– कोल वॉशरी खुलन से कोई आपत्ति नहीं है।

63. श्री बजरंग, ग्राम–कर्रा :– मोला कोई आपत्ति नहीं हे।

64. श्री शनि यादव, ग्राम–कर्रा :– समर्थन है।

65. श्री गोलू धीवर, ग्राम–गतौरा :– कोल वॉशरी खुलने में समर्थन करता हूँ।

66. श्री गंगा प्रसाद रात्रे, कोरबा :– कोल वॉशरी खुलने में समर्थन करता हूँ।

67. श्री राजकुमार धीवर, गतौरा :– कोल वॉशरी नहीं खुले रहीस तो गांव मा सुना रहीस। कोल वॉशरी खुले हे तो 1000 मन ला रोजगार मिले हे। आशा हे ओखर विश्वास बढ़ही। मोर समर्थन हे।

68. श्री रामकुमार पटेल, ग्राम–गतौरा :– कोल वॉशरी खुलत हे बहुत बढिया बात हे, रोजगार मिले, आगे कोल वॉशरी तरक्की करें। गांव के सबो उन्नती ला बढ़ाये रखे।

69. श्रीमती सुशीला कौशिक, ग्राम–कर्रा :–कोल वॉशरी खुले कोई समर्थन नहीं हैं

70. श्रीमती कौशिला कौशिक, ग्राम–कर्रा :– हमर समर्थन हे।

71. श्रीमती पूर्णिमा यादव, ग्राम–कर्रा :– कोल वॉशरी खुलने में समर्थन है।

**72.** श्रीमती काजल कौशिक, ग्राम–कर्रा :–कोल वॉशरी खुलने में मेरा समर्थन है।

**73.** श्री गुलाम रसूल, ग्राम–गतौरा :– कोल वॉशरी खुलने से हमें कोई आपत्ति नहीं है।

**74.** श्री राकेश तंबोली, ग्राम–गतौरा :– कोल वॉशरी खुलने का मैं समर्थन करता हूॅ।

**75.** श्री अशोक कुमार वस्त्रकार, ग्राम–गतौरा :– रेक जो गाडी बंद हो गया है उसको चालू किया जाये।

**76.** श्री दूजराम यादव, पंच ग्राम–गतौरा :– कोल वॉशरी में हम लोगों का समर्थन है।

**77.** श्री राकेश कौशिक, ग्राम–कर्रा :– कोल वाशरी खुलने से कोई दिक्कत नहीं है।

**78.** श्री लाला कुमार धनवार, ग्राम–कर्रा :–कोल वॉशरी खुलने से सहमत हूॅ।

**79.** श्री राहुल पटेल, ग्राम–फरहदा :– कोल वॉशरी खुलने में समर्थन है।

**80.** श्री तिवारी लाल, ग्राम–कर्रा :– आज वातावरण में आक्सीजन में कमी हैं कोल वॉशरी के कारण ये क्षेत्र पूरा आक्सीजन के कारण, धुआं के कारण, आज सांस लेने में दिक्कत है। ये कोल वॉशरी से प्रार्थना करता हूॅ कि हर गांव में या आसपास के गांव में 1000–1000 पौधा और उसका देख–रेख करें। उसके कारण ये वातावरण कम होगा। आक्सीजन अधिक होगा। सांस लेने में अभी दिक्कत जा रहा है। प्रार्थना है कोल वॉशरी से आसपास के गांव में 1000 पौधा लगाये और ओखर साथ–साथ देख–रेख कर के आगे बढाये। 5 फीट या 10 फीट उंचा हो तब तक के उसके देख–रेख में उसको सहयोग करें। यह कोल वॉशरी से मेरा प्रार्थना है। गांव में 1000 पौधा लगाये। आक्सीज दूर करना है पौधा लगाये उसके बाद बतायेंगे कि समर्थन है या नहीं।

**81.** श्री संतोष कुमार निषाद, ग्राम–कर्रा, पंच प्रतिनिधि, वार्ड नं. 16, :– गांव मा जगह है तो बतावा। ओला लगवा सकत हे वॉशरी हा, 1000 क्या 2000 लगा देही। मोरो समर्थन हे। हमर गांव मा मस्त रोजगार मिलत हे। हमन तरत हन।

**82.** श्री फूलचंद्र बंजारे, ग्राम–लिमतरा सरपंच :– कोल वॉशरी का समर्थन करता हूॅ। लेकिन छोटे–छोटे मूलभूत सुविधा का मोर मांग हे। जनहित के कार्य मा जैसे वृक्षारोपण हे, नल जल हे, ग्रामीण अंचल मा गर्मी के समय पानी के बहुत समस्या हे, कोल वॉशरी से आग्रह करत हव कि ग्राम पंचायत लिमतरा मा कम से कम 2–3 बोरवेल तत्काल खनन किया जाये। मैं ऐखरसे हृदय स्तर से मांग करत हव। कोल वॉशरी मार्च अप्रैल मा ग्राम पंचायत लिमतरा मा बोर किया जाये। मै ओखर साथ हव समर्थन मा हव।

**83.** श्री धर्म भार्गव :– कोल वॉशरी के जो 2.5 हे ओला 5.0 करत जावत हे बहुत दुख के विषय हे। प्रधानमंत्री ग्रामीण सडक योजना से हाईवा आवत हे लगरा, खैरा से आये दिन हादसा होवत हे। जेमा आम जनता अपन जान देवत हे। ऐखर जिम्मेदार कोन हे। पहली तो 2.5 ला 5.0 करत जावत हे। रोड के पहली विस्तार कराये जाये

आये जाये के साधन बनाये। आम जनता ला कोई असुविधा मत होये। आये दिन डस्ट उड़त हे। पढ़ईया लईका मन ला आये दिन परेशानी होवत हे। हमर परेशानी ला ध्यान मा रखते हुये ये विस्तार ला नहीं बढ़ाना चाहिए। मोर ऐमा पूरा विरोध हे ऐमा उचित कार्यवाही करें।

**84.** ग्राम की एक महिला :– कोयला वॉशरी चालू करो, चालू करो, जनता ला पालत हे। कोयला वॉशरी हमारे इतने जनता को पाल रही है। हम लोग को लागे है बाल–बच्चा वाला है, रोजी रोटी सबके चलना चाहिए।

**85.** ग्राम की एक महिला :– कोल वॉशरी खुलना चाहिए। खुलना चाहिए।

**86.** श्रीमती अमृता यादव :– कोल वॉशरी खुलना चाहिए।

**87.** श्री लखन टंडन, ग्राम पंचायत लिमतरा :– कोल वॉशरी के संबंध मा जनना चाहत हव। यही जन सुनवाई होई रहीस, वृक्षारोपण लगाये के बात होय रहीस। आज तक ये कोल वॉशरी एक भी वृक्षारोपण नहीं लगाईस है। 2 लईका के एक्सीडेंट होगे रहीस हे। ये महतारी मन बोलत हे कोल वॉशरी खुलना चाहिए। हमन विरोध मा नइ हन, परंतु ये ही माताराम मन बोलथे। चक्काजाम करबो, आज 1 लईका के एक्सीडेंट होवत हे तो कल 10 लईका के एक्सीडेंट होईही। पर्यावरण के संबंध मा ये कोल वॉशरी के क्या विस्तार करे हे। ये पर्यावरण से जानना चाहत हव कि वृक्षारोपण के संबंध मा का जानकारी देवत हे, ऐला मैं जानना चाहत हव। दूसरा, आज तक के एक ठीक रोड नहीं बनाये हे, एक ठीक रोड नहीं बनाये हे। रोड के दुर्दशा आज ये प्रधानमंत्री सड़क हे। रोड के दुर्दशा खराब हो चुके हे। नेता, अधिकारी, जनता मन जब मांग करीस तो वो रोड के अभी काम चलत हे। ये कोल वॉशरी के कारण ये फिर रोड के दुर्दशा हो जाही। तीसरा, यहां से जो डस्ट उडथे, ओखर पानी के कोई छिडकाव नहीं होवत है। ऐखर लिये हम चाहत हन ऐखर परियोजना के विस्तार नहीं होना चाहिए हम मन ऐखर पूर्ण विरोध करत हन। आने वाले समय मा सदन से लेकर सडक तक विरोध करबो।

**88.** श्रीमती राजकुमारी :– हर गांव मा हर पंचायत मा पौधा भेजे रहे कंपनी हा, और सब लगाये हे, छिडकाव होवत है। हर चीज होवत हे, कोल वॉशरी खुलना चाहिए। पूरा हमर समर्थन हे।

**89.** ग्राम की एक महिला :– कोल वॉशरी खुलना चाहिए।

**90.** ग्राम की एक महिला :– कोल वॉशरी खुलना चाहिए।

**91.** ग्राम की एक महिला :– कोल वॉशरी खुलना चाहिए।

**92.** श्रीमती राजकुमारी, ग्राम–देहानपारा :–कोल वॉशरीखुलना चाहिए।

**93.** श्री हीरोदेव सोनवानी :– हम चाहत हन रोजगार देवा जनता ला, लेकिन इस तरह से रोजगार देवा तो कहां से मिलही। आज नजदीक–नजदीक मा शहर से लगे हुए

छोटे–छोटे गॉव–गॉव मा स्कूल हे, ऐखर प्रदूषण के का होही, आप मन कोल वॉशरी के इजाजत देवत हा, ऐखर जो डस्ट हे, आये दिन गाड़ी चलना है। ये जो गाड़ी मा एक्सीडेंट होथे ओखर भरपाई कौन करही। कोल वॉशरी से आये दिन एक्सीडेंट होवत हे। ये क्षेत्र मा कतका कन लगे हे कोल वॉशरी। आये दिन कुछ न कुछ एक्सीडेंट होवत हे। ओखर जवाबदारी लेथा का। आज बार–बार जगह–जगह जनसुनवाई करथा। करे के बाद बोलथा कि नहीं होवय। कोल वॉशरी तो लग जाही लेकिन ओखर जो प्रदूषण हे, प्रदूषण ला आम जनता किसान खाही, काला काला होवत हे। गांव किसान मन मजदूरी ला जाथे, तो आप मन बोलथा आपति काहे नहीं करहा। हमला आपत्ति हे। जनता ला सुख सुविधा मिले। कितना कोल वॉशरी हवय, कतका कोल वॉशरी खोलीहा। बगल मा कॉलेज हे, लईका मन के आज वातारण ला देखा। वोकर स्वास्थ मा हानि नहीं पड़ही का। ऐइसेह परमीशन मत देवा। हमन घोर विरोध करथन। एइसे कोल वॉशरी नहीं खोले जाय।

**94.** श्री अजय कुमार राठौर, ग्राम–गतौरा, सरपंच :–कोल वॉशरी खुले के मोर समर्थन हवय।

**95.** श्री अरूण रजक, ग्राम पंचायत फरहदा :– ये कोल वॉशरी अच्छा बात हे, सबला रोजगार मिलत हे। लेकिन इतना ज्यादा उड़त हे। आज जन सुनवाई है करके धीरे–धीरे गाडी भगत हे। आने दिन इतना स्पीड मा भागथे। सादा कपडा पहन के चौक तक जाथे तो करीया हो जावत हे। ऐखर वास्ते कोल वॉशरी कोई कदम नहीं उठाये हे? दिनो–दिन गाडी के संख्या बढ़ते जावत हे। कोल वॉशरी खुलना चाहिए ऐखर समर्थन मे हव, लेकिन ये धूर्रा का कुछ व्यवस्था बनाना जरूरी हे।

**96.** श्री देवेन्द्र कुमार कृष्णन, ग्राम–मस्तूरी :– जन सुनवाई के विरोध नहीं करत हन। हमन के मांग हे कुछ, अतका प्लांट के धूल डस्ट उड़त हे, ये धूल डस्ट ला रोके के प्रयास करे। जो भी हिन्द एनर्जी के मालिक हे विरोध करत हे। पानी 300 फीट तक जा चुके है। बोर करवाहा तो 300 फीट तक नीचे पानी नइ मिले। ये जो प्लांट मा बोर करवाये हे वो बोर ला बंद किया जाये। नदी नाला के पानी हे ओला उपयोग करें। हमार गांव के वॉटर लेवर कम मत हो। अगर ग्रामीण मन पानी नइ पाही तो ओखर जीवन दुभर हो जाही। वॉटर लेबल कम हो जाही। हमन विरोध नहीं करत हन तुहंरे बारे मा बात करत हन, ताकि तुहंर लोग–लईका पानी पी सके। सीएसआर मद मा मात्र 7–8 गांव हे। हमन ये चाहत हन कि जो 15–20 गांव प्रभावित हे, चाहे जो 10 कि.मी. के एरिया मा, ग्रामीण ला, जो आसपास के गांव हवय, ओला भी सीएसआर के मद मिले, हमर मांग हवय जो आसपास के गांव हवय सीएसआर के मद के सीएसआर फंड के लाभ मिलना चाहिए। बस 7–8 गांव ला सीएसआर मद के लाभ मिलत हे। 2.5 से 5.0 व 10.0 ले लेवा हमसे दिक्कत

नहीं हे, यहां के जो लोग लईका हे, यहां के जो किसान, हे मजदूर हे, के धान के जो फसल बर्बाद होवत हे ओखर मुआवजा के बात नहीं होये। हमला करे पडही। धूल डस्ट से आसपास के किसान के धान अगर प्रभावित होवत हे कोल वॉशरी हिन्द एनर्जी के मालिक ला ध्यान देना चाहिए। कि ओला मुआवजा मिलना चाहिए। ओखर धान के मुआवजा मिलना चाहिए। ओखर लोग लईका मन के शिक्षा के ध्यान देना चाहिए। आसपास के धूल डस्ट के कारण जनता के स्वास्थ के खयाल कौन रखही, आप मन डस्ट उडाहा लईका के क्या होना चाहिए। जो डस्ट के कारण जी नइ पावत हे। हमर मांग हे कि जो बोर है उसका उपयोग न किये जाये। नदी, नाला के पानी ला उपयोग किया जाये। 2.5 से 10.0 कर लिया जाये। शिक्षा, स्वास्थ, रोजगार, आसपास के व्यक्ति मन ला ही मिलना चाहिए। बाहरी व्यक्ति मन ला रोजनगार नहीं देना चाहिए।

**97.** श्री देवी प्रसाद कुर्रे, जनपद सदस्य गतौरा, मस्तूरी :– हमारे क्षेत्र में कोल वॉशरी का दूसरा पाइंट फिर से चालू होने वाला है। हमारे क्षेत्र में बहुत अच्छा लोगों को रोजगार मुहैया हुआ, आसपास के क्षेत्र में विकास हुआ है सीएसआर मद से हमारे गांव में बहुत सारे मद का निर्माण हुआ है हमारे हिन्द एनर्जी के दूसरे पाइंट का मैं पूर्ण रूप से समर्थन करता हूँ।

**98.** श्री उमेश कश्यप, समाजिक कार्यकता :– कोल वॉशरी खुलने से बहुत नुकसान हे। हमर और गांव के आदमी समझ नहीं पावत हे। जो हम 10 साल ज्यादा जिबो वो 10 साल कम हो जाथे। भारत सरकार पर्यावरण विभाग के कोई पालन नहीं होवत हे। सभी झन काम बुता करत हे, येही मा खुश हवय। रात दिन खाड़ा वॉशरी से लेकर दगौरी, सीपत तक के एक्सीडेंट होवत हे। कुछ छिपे नहीं हे। हर महीना में 2–4 एक्सीडें मा मरत हे। ऐला शासन प्रशासन देखे जाथे का? ऐही मन जाथे। काखर कने जाथे समाजिक आदमी के पास जाथे। ऐ देवावा, वो देवावा। सही बोलत हव। कतका धूल–धक्कड उडत हे, ट्रक के स्पीट हाईवा के स्पीट बस से ज्यादा सुपर फास्ट स्पीट टाईप दौडत हे। जान बचाना मुश्किल हो जावत हे रोड मा। आसपास गांव पानी की कमी तालाबा सूखा पड़े हे। ध्यान रखा महोदय, हमन भी किसान हवन, जानवर नइ हन। जरा समझ के करा, मैं ऐखर घोर विरोध करत हव। जेखर समर्थन रईही तो, का हो गये कई साल हो गये दो–तीन बार शासन प्रशासन देख रहे है छोटे–छोटे बच्चे है ओखर भविष्य का होही। दुनिया भर के बीमारी होही। फेफडा मा जावत हे, कोरबा–रायगढ़ मा खुले हे पांच मिनट बाहर रह नहीं सकव। महोदय ऐखर लडाई जारी रईही। गांव से लेकर जिला–जिला से लेकर सदन तक के। ज्यादा का बोलव आप मन खुद समझदार हवव। हमन ऐखर घोर विरोध करत हन। ऐखर समर्थन मा हमन कदापि नहीं रहन।

**99.** श्री विनोद सिह ठाकुर, ग्राम–मस्तूरी :– मैं ये जो गतौरा, कर्रा में प्रस्तावित कोल वॉशरी के विरोध मा हव। गतौरा, जयरामनगर मा कोल वॉशरी खुले हे साहब जब धूल, आंधी, तूफान उडथे, गतौरा तक के विरान हो जाथे। गतौरा के खेत ला देखे हव, अच्छी तरह से वाकिफ हव गतौरा से, वहां कतेक खेत ला देखे हव, कोल वॉशरी खुले हे तो पूरा काला–काला जम गये हैं। किसान अपन पैदावार नहीं कर सकत हे। ये महिला मन, जे मन आये हे काम करथे ऐखर सेती अजीब ढंग से लाये गये हे। आकर के समर्थन मा बात करत हे। मैं कोल वॉशरी खुले के विरोध दर्ज करा थव।

**100.** श्री सत्यजीत, ब्लाक मस्तूरी :– कोल वॉशरी से इस गांव क्षेत्र के सभी जनता प्रभावित है प्रताड़ित है। यहां तक के कॉलेज भी प्रभावित कोल वॉशरी से प्रभावित है, प्रताड़ित है। यहां के जनता भी प्रताड़ित हैं क्योकि प्रयोजित तरीके से यहां खरीद कर सभी लोगो को लाया गया। कर्मचारी समर्थन में बोल रहे हैं। कर्मचारी, सभी कर्मचारी है। कोई भी ग्रामीण नहीं है। ग्रामीण समस्या हम भी जानते है। जो जिते है धूल–धक्कड में जी रहे हे। उन्ही लोग जानते हैं। जान रहे हैं कोरबा में क्या हो रहा है। यहां को भी मिनी कोरबा बना रहे हैं। जयरामनगर, खैरा सभी गांव को, क्षेत्र को पूरा मिनी कोरबा बना रहे है। यहां के लोग इतना प्रताड़ित हैं कि पूछो मत। यहां पर प्रयोजित तरीके से ला रहे हैं और समर्थन में बोल रहे हैं। मैं यही अनुरोध करता हूॅ कि ये कोल वॉशरी को 2.5 को विस्तारित करके 5.0 कर रहे हैं उसको विरोध करता हूॅ न खुले इसे मैं आवेदन दे रहा हूॅ, स्वीकार करें।

**101.** श्री अशोक सूर्यवंशी, ग्राम–गतौरा :– गांव मा, शहर मा, कस्बा मा, खेत मा, खलिहान मा, कोयला के आवश्यकता ला हमर गांव के संगी–संगवारी मन सब जानत हे। जानबूच के भी अनजान बनत हे, कोयला से ही बिजली बनाये जाथे। ये सब ला जानकारी हे। कोयला, कोल वॉशरी नहीं रईही तो बिजली उत्पादन कैसे रईही। हमन टयूबवेल मा बिजली कैसे मिलही। हमर घर मा पंखा कैसे चलही। हमर लईका मन के पढाई–लिखाई कैसे चलही, येला सब जानत हे, विस्तार से बोलहू, जतका साथी संगी मन बोले हे शिक्षा से लेकर, रोड से लेकर, गांव से लेकर,  खलिहान से लेकर, नांगर से लेकर, गांव मा पहली बैला गाडी चलत रहे अब ट्रेक्टर चलात हे। ट्रेक्टर के पार्टस कहां से बनथे, बिजली मिलही तभी तो पार्ट्स बनही, कोल वॉशरी बनही तभी तो पार्ट्स बनही, कोल वॉशरी का विस्तार होना चाहिए। मैं ऐखर समर्थन करत हव।

**102.** श्री भोले वस्त्रकार, ग्राम–गतौरा :– कोल वॉशरी खुले हे और मै काम करे हव, गांव मा जब से संगी–साथी मन बेरोजगार घूमत रहीसे हे, जबसे ईमन शिक्षित और कमाये धरे हे। तब से अपन कोल वॉशरी मा हवय। कोल वॉशरी मा जीवोपार्जन

करत हे। गांव के आसपास क्षेत्र गतौरा, कर्रा, राक यहां तक से दूर– दूर के भी आथे हमर, कोयला खदान मा काम करे। कोल वॉशरी से ऐखर विस्तार से तो कोई घाटा नहीं लगत हे। धूल धक्कड हवय तो समय मा पानी छिचावत हे। तालाब बन जाये? अतका दिन से का करत रहीस हे, मोर कोशचन हवय कि अतका दिन से उमन का करत रहीस हे। जो आज विरोध करत हे। ओला पहली नइ कर सकीस हे, आज उमन के कुछ परेशानी हवय ऐखर मन से ओमन विरोध करत हे। लेकिन उमन ला विरोध नहीं करना चाहिए। गांव–गांव मा जो हमर लोग लईका ला आगे बढ़ोतरी और काम ला देखना चाहिए। ऐखर सेती से मैं समर्थन देवत हव, कोल वॉशरी ला, आगे बढे तरक्की करय। अभी 5.0 एमटीपी को 10 करे। पूरा विस्तार करके सब ला रोजगार मुहैया कराया जाये। जतका झिन बेरोजगार हे सब अपन रोजगार प्राप्त करत हे, कोल वॉशरी से।

**103.** श्री मुकेश बंजारे, दर्रीघाट :– कोल वॉशरी के स्थपाना मा वृद्धि होवत हे। ओखर मैं समर्थन मा हव, लेकिन मोर एक दो शब्द बात हे, ये जितना भी समर्थन मा बोले हे। हमरे गावं के आसपास के धूल धक्कड हे, ओखर विषय मा बोले हे। मैं अधिकारी साहब से एक ठोक निवेदन करना चाहत हव कि जैसे अभी उदाहरण के लिए दर्रीघाट से सिक्स रोड बनत हे तो पूरा गांव के अंदर से होवत डस्ट ला पाटत हे और कम से कम वहां पर 40–50 गाडी हाईवा चलत हे और जो रोड बने हे वो पूरा उखडत हे। ओला बना के एन.एच. वाला ओखर अधिकारी जिम्मेदारी लेही। रास्ता बना के ढीक से दे जो उखडत हे। मैं समर्थन में हव।

**104.** श्री मनोहर लाल कुर्रे :– कोल वॉशरी के विस्तार के संबंध मा ऐला रखे मा आज उपस्थित होये हे। जन सुनवाई मा विभिन्न प्रकार के व्यक्ति हे, विभिन्न प्रकार के मद हे। ओखर सोच हे, ओला ध्यान से सुनना चाहिए। विरोध करे के भी एक तरीका होथे और समर्थन करे के भी एक तरीका होथे। गेट मा रोक लेथा कोई बात नहीं है, का सोच के आये है का मंशा हे। का दुख है, क्या दर्द हे, ओला सुनना चाहिए। ओला भी रोकत हे, और जो समर्थन मा आवत हे ओला भी रोकत हे। भाई जन सनुवाई ओखर बर ही आयोजित करे गये हे। प्रभावित गांव के आम जनता से कोल वॉशरी से का परेशानी हे और का लाभ हे। अच्छा बात हे हमन ओखर विरोध नही करतहन। ओमन ला रोजी–रोजगार मिलना चाहिए। अभी भाई मन विरोध करत रहीस हे ओखर बात ला भी ध्यान से सुनना चाहिए। हमन तो स्वागत करत हन। का बर विरोध करत हे। रोजी–रोजगार मिलत हे। आप मन करोड़ो के कोल वॉशरी स्थापित करे हे। हमन ला रोजी रोजगार देवत हव। आसपास के गांव के आदमी मन स्वागत करत हे। ये दाई दीदी मन जो हल्ला करत रहीस हे, ओखर गोठ ला सुना जो ये काबर विरोध करत हे। उमन रोजी–रोजगार दिलाथे। तुम्हर

लोग–लईका पलत हे। यहां रोड हे बडे–बडे हाईवा चलत हे। लईका दब के मर जाथे। हमन ही तो चक्काजाम करथन। हमन इतका ही चाहत हन कि कोल वॉशरी संचालित करत हा तो ओखर विस्तार के लिए काम करत हा। अच्छा बात हे करो ना विस्तार, ओखर से हमला नुकसान नहीं होना चाहिए। पर्यावरण के लिए पेड लगा देवा, रोड मा पानी छिडकाव करा देवा, हमर गांव के साथी ला रोजगार दिला देवा, ओखर चिकित्सा के, कोयला खाली करा, डम्प करा, ओखर चिकित्सा के व्यवस्था कौन करही भाई। बात ला तो ओमन बोलत हे। चिकित्सा के व्यवस्था कर देवा। वो भवन काम मा अवत हे अभी भी। कर्रा के बीच मा एक ठोक भवन 5 लाख मा बने हे। आप जनहित मा काम करथा अच्छा बात हे। कोई दिक्कत नहीं हे। मैं ये चाहत हव जो धूल धक्कड उड़त हे, पर्यावरण खराब करत हे, ओखर लिये पेड़–पौधा लगादेवा, रोड रास्ता ला बना देवा, नाली है ओला बना देवा, बेरोजगार भाई हे ओला भी रोजगार दे देवा। जनप्रतिनिधि जाथे गरीब आदमी मन ला काम दे देवा। काबर नहीं देवा भाई, देना चाहिए ना। और कोई जन प्रतिनिध हे ओखर आदमी मन ला काम देवव। दर्रीघाट, गतौरा, कर्रा मन के आदमी मन ला बहुत बोलथन कि इमन ला काम देवा भाई। कोई गलत बात बोलत थन का हम लोग, आपके जितना अधिकारी है कोल वॉशरी चालाये के उतना नैतिक जिम्मेदारी है ना भाई वो विषय मा काम करो। आखिर कतना टर्न ओवर हे, हम नई जानना चाहत हन। वो विषय मा काम काहे नई होये, होना चाहिए। ओखर बात ला सुना ओखर कोई विरोध नहीं करे। न विरोध होही। जन प्रतिनिधि मन के गांव के बात ला सुनव, ओखर विषय मा काम करव। ये जन सुनवाई मा पूरा समर्थन हे। सब साथी मन से निवेदन करना चाहत हव कि आप अपन बात ला रखा। शालीनता से बात ला रखा। सही बात ला रखा। सरपंच मन ला काम देवा तुमन। जन प्रतिनिधि के मान सम्मान करा। मस्तूरी विधानसभा बहुत शांत एरिया हे। सब के बात ला सुन के समर्थन करो। दूरिया–दूरिया से लाथे कर्मचारी ला, दो चार झन ला नौकरी दे देवा न ददा। खुलना चाहिए तो व्यवस्था भी तो होना चाहिए। तैं संतुष्ट हवन तो हम संतुष्ट हन। खुलना चाहिए सफल हो जाये बढ़िया बात हे। सब कोई खुलना चाहिए कहत हे तो हमन भी बोलत हन कि खुलना चाहिए।

**105.** गतौरा के किसान नागरिक :– कोल डिपो के सामने मोर 10 एकड जमीन लगे हे। प्लाट मा 2–3 बोर हे, दोनो–तीनो बोर के पानी खत्म हो गये हे। धूर्रा इतना उड़ाथे कि फसल बर्बाद हो जाथे। पानी छिछे के नाम मा, 2–3 दिन दिखावा करथे। मैं ऐखर विरोध मा नहीं हव। कम से कम आधा–एक किलोमीटर सडक ला पक्की सडक बनवा दे ताकि धूल धक्कड कम उड़े। किसान के समस्या हल हो जाये। जेमा फसल बर्बाद झन होये। मोर एक ही मांग हे भाई। एक किलोमीटर सड़क के

पक्कीकरण कर दे। रोड मा आदमी साईकिल मा नहक नहीं सकत हे। डबल तीबल करत हे। रोज शिकायत करत हव। उबड खाबड हे पैदल रेंगईया नहीं रेंग सके। कम से कम एक किलोमीटर सडक ला पक्कीकरण करा दे।

**106.** श्री कृष्णकुमार मधुकर गतौरा :– हमर गावं गतौरा मा जो एक डेम खुले हे एनटीपीसी मा धूल धक्कउ उडत हे। धूल धक्कड खाकर आये हव। मैं अपन समस्या लेकर आये हव। हमर गांव ला जाकर देखा, ऐतका गंदा हे ऐतका रोड कचरा हे, गतौरा मा का होवत हे डेम की स्थिति में। राखड घर मा घुसत हे कैंसर के बीमारी होवत हे। पानी ला सुबह–शाम छिड़काव करा देवा। हमन विरोध के रूप में नहीं आये हन। नई बनही तो विरोध करबो हमन, रोड ला बनवा देवा, पानी के छिडकाव करा देवा। आने जाने में किसी को परेशानी न हो।

**107.** ग्राम पंचायत फरहदा :– आये दिन दुर्घटना होवत हे। गाडी ला धीरे चलाये बर कहे जाथे तो कोल वॉशरी के गाडी धीरे चलाये जाये बोलथे तो एक दो दिन एक्टीव हो जाथे। ऐखर बाद इतना स्पीड में चलाथे। जा के देखा कि रोड कितना गंदा है। रोड रास्ता गंदा–गड्डा हे। रोड रास्ता बनही बोलथे। धूल धक्कड इतना है कि खाना खाते हैं तो पूरा काला–काला खावत हन। आये दिन अन्य प्रकार के बीमारी आधा घंटा खड़ा होवा फिर बतावा कि क्या होथे।

**108.** श्री भुवन पटेल, ग्राम–फरहदा :– हमारे यहां से कोल वॉशरी से गाडी चलता है। फरहदा, कर्रा, गतौरा से गाड़ी आता है। पूरा धूल धक्कड होता है। जन सुनवाई वहां होना चाहिए, कि यहां होना चाहिए। फरहदा में हर चीज है, फरहदा से गाडी आता है। वहीं से धूल धक्कड पूरा चालू होता है। जन सुनवाई फरहदा में होना चाहिए।

**109.** ग्राम का नागरिक :– बड़े कंपनी को बंद नहीं किया जा रहा है। जन सुनवाई फरहदा में करना चाहिए। यहॉ है कुछ, न कोई आ रहा है न जा रहा है। हमन परेशान है तो विरोध करेंगें तो कौन करेगा। कोई आयेगा बाहरी आदमी। हमारा निवेदन स्वीकर कीजिए।

**110.** श्री गणेश राम चंद्राकर, ग्राम–गतौरा :– 15 साल हो गये कोल वॉशरी खुले। जमीन जिसका है परमानेंट रखना चाहिए। जिसका जमीन है उसको कोल वॉशरी रखा है। गतौरा के जमीन में खोला है तो जन सुनवाई गतौरा में करना चाहिए।

**111.** श्री दामोदार कांत सभापति, जनपद पंचायत मस्तूरी :– जो आज जनसनुवाई में हो रहा है ठीक है जो जन सुनवाई हो रहा है, स्वास्थ, पर्यावरण, शिक्षा, सडक, बिजली पानी को ध्यान में रखते हुए लोगों को रोजगार इस क्षेत्र में देते हुये काम करेंगे। मैं इस जन सुनवाई का समर्थन करता हूॅ।

उपरोक्त वक्तव्यों के बाद अतिरिक्त कलेक्टर, कार्यालय कलेक्टर, जिला–बिलासपुर तथा क्षेत्रीय अधिकारी द्वारा उपस्थित जन समुदाय से अपने विचार व्यक्त करने का अनुरोध किया गया। किंतु जब कोई भी व्यक्ति अपने विचार व्यक्त करने हेतु उपस्थित नहीं हुए तो ऐसी स्थिति को देखते हुए लगभग दोपहर 1:00 बजे अतिरिक्त कलेक्टर, कार्यालय कलेक्टर, जिला–बिलासपुर द्वारा लोकसुनवाई सम्पन्न होने की घोषणा की गई।

लोकसुनवाई स्थल पर परियोजना के संबंध में लिखित में 68 आवेदन पत्र विचार/सुझाव/टीका –टिप्पणी प्राप्त हुई। स्थल पर उपस्थित प्रत्येक व्यक्ति को आवेदक से परियोजना पर सूचना/स्पष्टीकरण प्राप्त करने का अवसर दिया गया। लोक सुनवाई के दौरान 111 व्यक्तियों के द्वारा मौखिक विचार/सुझाव/टीका–टिप्पणी एवं आपत्तियां अभिव्यक्त की गई, जिसे अभिलिखित किया गया। लोक सुनवाई में लगभग 200 व्यक्ति उपस्थित थे। उपस्थिति पत्रक पर कुल 94 व्यक्तियों द्वारा हस्ताक्षर किया गया। आयोजित लोक सुनवाई की वीडियोग्राफी एवं फोटोग्राफी कराई गई।

**क्षेत्रीय अधिकारी**
**क्षेत्रीय कार्यालय,**
छ.ग. पर्यावरण संरक्षण मंडल,
बिलासपुर (छ.ग.)

**अतिरिक्त कलेक्टर,**
**कार्यालय कलेक्टर,**
जिला–बिलासपुर (छ.ग.)